**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 02.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को करेंगे संबोधित ।**
2. **मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची पर रांची में आज से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन,निर्वाचन प्रबंधन और अकादमिक शोध को एक मंच पर लाने का प्रयास ।**
3. **रांची नगर निगम में संचालित बिना ट्रेड लाइसेंस वाले 18 कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई, सील करने की प्रकिया शुरू।**
4. **चतरा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में अतिवृश्टि का रेड अलर्ट, अन्य जिलों में भी बारि”ा और वज्रपात की चेतावनी।**
5. **खूंटी के अजीत नाग अंडर–18 रग्बी टीम में तीसरी बार शामिल,चीन में होने वाली एशिया रग्बी अमीरात चैंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। यह शिखर सम्मेलन केंद्र और राज्यों को एक साथ लाकर महत्वपूर्ण क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर विचार–विमर्श करेगा और समयबद्ध कार्य योजनाएं विकसित करेगा। शिखर सम्मेलन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जल अवसंरचना परियोजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन; जल संचय जन भागीदारी– कैच द रेन; पेयजल प्रणालियों के स्रोतों की स्थिरता; तथा जल जीवन मिशन 2.0 शामिल हैं।इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि विचार–विमर्श से शासन और सेवा वितरण में मापने योग्य सुधार हो सके।

********************************

रांची के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में आज से "वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर्स 2026" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि सम्मेलन का आयोजन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखंड द्वारा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची प्रबंधन के प्रशासनिक, कानूनी, सामाजिक और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

********************************

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना की समीक्षा की। बैठक में चिन्हित 100 जिलों में योजना में तेजी लाने, योजनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने और किसानों के लिए जिला स्तरीय प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

********************************

केन्द्र सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए भंडार रखने की सीमा चार हजार क्विंटल से घटाकर दो हजार क्विंटल कर दी है। यह नियम इस महीने की 15 तारीख से इस वर्ष 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। एक रिपोर्ट

********************************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कल प्रोजेक्ट भवन में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) और पलाश ब्रांड के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और पलाश को मजबूत ब्रांड के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया।

***************************

जन समस्या समाधान कार्यक्रम के तहत रांची में कोतवाली थाना क्षेत्र के नागरिकों के साथ बैठक कर विधि–व्यवस्था, यातायात, अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में अघोरी आश्रम के पास बंद चीनी फैक्ट्री परिसर में असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस पोस्ट स्थापित करने और चौबीस घंटे निगरानी और पेट्रोलिंग का निर्णय लिया गया। नागा बाबा खटाल सब्जी बाजार में अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए नगर निगम के साथ समन्वय कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***************************

रांची नगर निगम ने निगम क्षेत्र में बिना वैध म्यूनिसिपल ट्रेड लाइसेंस संचालित कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। विशेष जांच अभियान के तहत निगम की टीम ने विभिन्न वार्डों में संचालित कुल 70 कोचिंग संस्थानों एवं लाइब्रेरी के ट्रेड लाइसेंस की जांच की। इनमें 18 संस्थान बिना वैध म्यूनिसिपल ट्रेड लाइसेंस के संचालित पाए गए। इन संस्थानों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए सीलिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । निगम ने सभी कोचिंग संस्थानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से आवश्यक लाइसेंस और अनुमतियां लेकर ही संचालन करने की अपील की।

***************************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026–27 के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया कल पूरी हुई। कुल 86 नामांकन में 77 नामांकन कार्यकारिणी समिति के लिए और 9 नामांकन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए दाखिल किया गया। स्कूटनी में दो नामांकन रदद किए गए।

***************************

देश के विभिन्न राज्यों में एच 1 एन 1 सीजनल फ्लू को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। इसे लेकर साहिबगंज के सिविल सर्जन रामदेव पासवान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसके लक्षण और बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग वृहद कार्यक्रम आयोजित करेगा।

***************************

मौसम विभाग ने चतरा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में आज अतिवृष्टि का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी बारिश और वज्रपात की चेतावनी दी गई है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से राज्य में बारिश की गतिविधियां सक्रिय रहने की संभावना है। नदियों के बढ़े जलस्तर को देखते हुए मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है ।

***************************

झारखंड के उभरते रग्बी खिलाड़ी और खूंटी निवासी अजीत नाग लगातार तीसरी बार भारतीय अंडर–18 रग्बी टीम में शामिल होने में कामयाब रहे। अजीत नाग 5 और 6 सितंबर को चीन के चिंगदाउ शहर में आयोजित होने वाली एशिया रग्बी अमीरात अंडर 18 चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

***************************

**अब अखबारों की सुर्खियां**

झारखंड में लगातार भारी बारिश से प्रभावित जनजीवन की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है ।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी केस रद्द, मुआवजा तीन माह में।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– चांडिल डैम के सभी 13, कांके –गेतलसूद के एक एक फाटक खुले।

**दैनिक जागरण** लिखता है –थानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाने पर डीजीपी को नोटिस।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं –गेतलसूद से राज्य को मिलने लगी सौर ऊर्जा।

***************************